# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 15.01.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला, दैनिक जागरण,न्यायाधीश,टाइम्स ऑफ़ इण्डिया, आज,जागरूक एक्स्प्रेस,सुपर फास्ट टाइम्स " समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला –दि0 15.01.2025

### ट्रांसपोर्ट नगर योजना : ई-ऑक्शन आज से

वाराणसी। ट्रांसपोर्ट नगर योजना के भूखंडों की बिक्री ई-ऑक्शन के माध्यम से की जाएगी। वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के अनुसार नीलामी की प्रक्रिया 15 जनवरी से 6 फरवरी तक चलेगी। इच्छुक व्यक्ति वीडीए की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ई-ऑक्शन टैब पर क्लिक कर पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण धनराशि जमा करने के बाद नीलामी में भाग ले सकते हैं। नीलामी प्रक्रिया से संबंधित जानकारी सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश चंद्र दुबे, पूर्णिमा यादव और हेल्पडेस्क 7518102822 व 0542-2283305 से ले सकते हैं। ब्यूरो

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


अमर उजाला–दि0 15.01.2025

## अब त्रिपुंड जैसे साइनेज तमिल और तेलुगु भाषा में बताएंगे रास्ता




भेलूपुर चौराहे पर त्रिपुंड आकार का साइनेज । संवाद

**वाराणसी।** काशी आने वाले दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं को तमिल और तेलुगु भाषा के लिखे साइनेज रास्ता दिखाएंगे। त्रिपुंड जैसे लगने वाले साइनेज बोर्ड पर हिंदी, अंग्रेजी के अलावा तमिल और तेलुगु भाषा में भी शहर के प्रमुख स्थान और उनकी दूरी प्रदर्शित की जाएगी। ये साइनेज शहर के प्रमुख तिराहों, चौराहों के अलावा घाटों पर लगाए जाएंगे। चौराहों पर वीडीए और घाटों पर नगर निगम की ओर से साइनेज लगवाए जाने हैं।

साइनेज में बीच में भगवान शंकर का त्रिनेत्र होगा। इसमें वीडीए का लोगो होगा। इसके अलावा एक तरफ हिंदी और एक तरफ अंग्रेजी में जगह का जिक्र किया जाएगा। जिस तरफ अंग्रेजी में दिशा के बारे में बताया जाएगा उसी के नीचे तमिल और तेलुगु भाषा में भी जगह और दूरी का उल्लेख होगा। नगर आयुक्त अक्षत वर्मा के मुताबिक काशी में हुए काशी तमिल संगमम में आए लाखों दक्षिण भारतीय श्रद्धालुओं ने ये प्रस्ताव रखा था। इस वजह से ये पहल की गई है। ब्यूरो

### *इन जगहों पर भी लगेंगे साइनेज*

*कमिश्नर आवास, कचहरी चौराहा, आंबेडकर चौराहा, भेलूपुर चौराहे से अस्सी घाट मार्ग, सोनारपुरा से गोदौलिया मार्ग, अस्सी तिराहे से अस्सी घाट, महमूरगंज आकाशवाणी तिराहे से रथयात्रा, मलदहिया से मैदागिन, रवींद्रपुरी से बीएचयू, मलदहिया से सिगरा, कमच्छा से रथयात्रा, संदहा चौराहा, लहुराबीर चौराहा, मैदागिन चौराहा, चौकाघाट।*

"

पहले चरण में 18 जगहों पर त्रिपुंड के आकार के साइनेज लगेंगे। इसमें अंग्रेजी, हिंदी के अलावा तमिल-तेलुगु भाषा में जगहों का उल्लेख होगा। ताकि काशी आने वाले दक्षिण भारतीयों को सहूलियत मिल सके। – **पुलकित गर्ग, उपाध्यक्ष वीडीए**

## दैनिक जागरण –दि0 15.01.2025

# ट्रांसपोर्ट नगर योजना के भूखंडों का आज से आनलाइन पंजीकरण, छह फरवरी तक मौका

जागरण संवाददाता, वाराणसी : विकास प्राधिकरण (वीडीए) ने ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत भूखंडों के आनलाइन पंजीकरण का ऐलान किया है। इसके लिए पंजीकरण बुधवार 15 जनवरी से शुरू होकर छह फरवरी तक चलेगा।

संपत्ति अधिकारी रमेश चंद्र दुबे ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट eauction.vdavns.com पर जाकर ई-आक्शन टैब पर क्लिक करके अपना पंजीकरण कर सकते हैं। निर्धारित तिथि तक पंजीकरण धनराशि जमा करने के बाद ही आनलाइन नीलामी में भाग ले सकेंगे।

उन्होंने बताया कि इस नीलामी का उद्देश्य ट्रांसपोर्ट नगर योजना के तहत शेष आंशिक भूखंडों का विक्रय करना है। यह प्रक्रिया उन भूखंडों के लिए है जो पहले ही लाटरी प्रणाली से आवंटित नहीं हुए हैं। पूर्व में आवंटित भूखंडों पर यह प्रक्रिया लागू नहीं होगी।

## टाइम्स ऑफ इण्डिया–दि0 15.01.2025

# VDA begins e-auction of Transport Ngr plots

TIMES NEWS NETWORK

Varanasi: The Varanasi Development Authority (VDA) will start selling plots in different categories under the Transport Nagar scheme through e-auction on Wednesday.

In its official press release on Tuesday, VDA stated that the auction process will continue until Feb 6.

The VDA officials made it clear that this process is being started for 73 unsold plots that were allocated through the lottery system.

Registration for the plots in categories like warehouse, offices, medical facility, restaurant, and other facilities will be done by visiting the authority's official website at https://eauction.vdavns.com/home and clicking on the e-auction tab. After registration and depositing the registration fee by the specified date, participants can take part in the online auction.

**LAST DATE FEB 6**

The in-charge officer (Property) of Varanasi Development Authority stated that for any assistance related to the auction process, individuals can contact assistant property officer Ramesh Chandra Dubey (7518102806), Purnima Yadav (9580956031), and the helpdesk (7518102822, 0542-2283305).

## आज–दि0 15.01.2025

# ट्रांसपोर्ट नगर के प्लाटों की होगी नीलामी, आज से रजिस्ट्रेशन

विकास प्राधिकरण ट्रांसपोर्ट नगर में ई टेन्डर के माध्यम से प्लाटों की नीलामी करेगा। यह नीलामी आज से छः फरवरी तक करेगा। इसके लिए कोई इच्छुक व्यक्ति विप्रा बेबसाइट पर आवश्यक शुल्क जमा कर के निलामी में भाग ले सकते हैं। इस सम्बन्ध में कोई भी जानकारी सहायक समपत्ति अधिकारी मोबाइल नंबर ७५१८१०२८०६ और पूणिमा यादव मोबाइल नंबर ९५८०९५६०३१ पर समपर्क कर सकते है। इसके अलावा हेल्प डेस्क नम्बर पर भी नीलामी के लिए जानकारी मिलेगी। इस सम्बन्ध में समपत्ति अधिकारी ने बताया कि इससे पहले जिन लोगों को जमीन आवंटन किया गया है वह यथास्थिति में रहेगी। नये सिरे से नीलामी में आनलाइन भाग लेने के लिए आवश्यक कागज और शुल्क भुगतान के बाद भाग लिया जा सकता है।

## जागरूक एक्सप्रेस –दि0 15.01.2025

# टीपी नगर में भूखंडों की ऑनलाइन नीलामी आज से

जिला प्रतिनिधि

वाराणसी। विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत भूखंडों का विक्रय ई-आक्शन के माध्यम से किया जाएगा। नीलामी की प्रक्रिया 15 जनवरी से शुरू होकर 6 फरवरी तक चलेगी। इच्छुक व्यक्ति प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट https://eauction.vdavns.com/home पर जाकर ई-आक्शन टैब पर क्लिक करके अपना पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के साथ नियत तिथि तक पंजीकरण धनराशि जमा करने के बाद ऑनलाइन नीलामी में भाग लिया जा सकता है। वाराणसी विकास प्राधिकरण के प्रभारी अधिकारी (संपत्ति) ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश चंद्र दुबे (मोबाइल नंबर 7518102806), पूर्णिमा यादव (मोबाइल नंबर 9580956031) और हेल्पडेस्क (फोन नंबर 7518102822,0542-2283305) से संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, वाराणसी विकास प्राधिकरण कार्यालय के हेल्पडेस्क अथवा संपत्ति अनुभाग में भी संपर्क किया जा सकता है। इस नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट https://eauction.vdavns.com/home पर उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे समय पर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें और इस अवसर का लाभ उठाएं।

न्यायाधीश –दि0 15.01.2025

## वाराणसी विकास प्राधिकरण करेगा भूखंडों की ऑनलाइन नीलामी

वाराणसी । वाराणसी विकास प्राधिकरण (वीडीए) द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत भूखंडों का विक्रय ई-आक्शन के माध्यम से किया जाएगा। नीलामी की प्रक्रिया 15 जनवरी 2025 से शुरू होकर 6 फरवरी 2025 तक चलेगी। इच्छुक व्यक्ति प्राधिकरण की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ई-आक्शन टैब पर क्लिक करके अपना पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के साथ नियत तिथि तक पंजीकरण धनराशि जमा करने के बाद ऑनलाइन नीलामी में भाग लिया जा सकता है।वाराणसी विकास प्राधिकरण के प्रभारी अधिकारी (संपत्ति) ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सहायक संपत्ति अधिकारी श्री रमेश चंद्र दुबे सुश्री पूर्णिमा यादव ) और हेल्पडेस्क से संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त, वाराणसी विकास प्राधिकरण कार्यालय के हेल्पडेस्क अथवा संपत्ति अनुभाग में भी संपर्क किया जा सकता है। इस नीलामी से संबंधित विस्तृत जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वे समय पर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें और इस अवसर का लाभ उठाएं। सम्पति अधिकारी ने स्पष्ट किया कि पूर्व में लाटरी सिस्टम से आवंटित जमीनों से इतर शेष आंशिक जमीनों के लिए ही यह प्रक्रिया हो रही है। जो पहले आवंटित हो चुके हैं वे यथावत हैं। उन प्लाटों पर यह प्रक्रिया प्रभावी नहीं होगी।

सुपर फास्ट टाइम्स–दि0 15.01.2025

# ट्रांसपोर्ट नगर योजना मे भूखण्ड प्राप्त करने हेतु नीलामी 15 जनवरी से

**सुपर फास्ट टाइम्स अतुल राय**

वाराणसी। वीडीए द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर योजना के अंतर्गत भूखण्डों का विक्रय ई–ऑक्शन के माध्यम से किया जाएगा। नीलामी की प्रक्रिया 15 जनवरी 2025 से शुरू होकर 06 फरवरी 2025 तक चलेगी इच्छुक व्यक्ति विकास प्राधिकरण की अधिकारिक वेबसाइट (https://eauction.vdavns.com/home)पर जाकर ई–आक्शन टैब पर क्लिक करके अपना पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के साथ नियत तिथि तक पंजीकरण धनराशि जमा करने के बाद ऑनलाइन नीलामी में भाग लिया जा सकता है। वाराणसी विकास प्राधिकरण के प्रभारी अधिकारी (संपत्ति) राजीव जायसवाल ने बताया कि नीलामी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी प्रकार की सहायता के लिए सहायक संपत्ति अधिकारी रमेश चंद्र दुबे (मोबाइल7518102806), पूर्णिमा यादव (मोबाइल नं0–9580956031) और हेल्प डेस्क फोन (नं0–0542–2283305 व मो. नं0–7518102822)से संपर्क किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त वाराणसी विकास प्राधिकरण कार्यालय के हेल्प डेस्क अथवा सम्पत्ति अनुभाग में भी सम्पर्क किया जा सकता है। इस नीलामी से सम्बन्धित विशेष जानकारी प्राधिकरण की उपरोक्त वेबसाइट पर उपलब्ध है। इच्छुक व्यक्तियों से अनुरोध है कि वो समय पर पंजीकरण की प्रक्रिया पूरी करें और इस सुअवसर का भरपूर लाभ उठाएं। संपत्ति अधिकारी राजीव जायसवाल ने स्पष्ट किया है कि पूर्व में लॉटरी सिस्टम से आवंटित जमीनों से इतर शेष आंशिक जमीनों के लिए ही यह प्रक्रिया हो रही है। जो पहले आवंटित हो चुके हैं वह यथावत रहेंगे। उन प्लाटों पर यह प्रक्रिया प्रभावी नहीं होगी।